न्यायालय तहसीलदार बयाना (भरतपुर)

(पीठासीन अधिकारी–श्री गिर्राज प्रसाद बंसल तहसीलदार बयाना)

प्र0स0 59/2019 ता0 रजु. 03.10.2019 किस्म मुकदमा 91 एलआर एक्ट निर्णय दिनांक 09.10.19

सरकार

बनाम

दूल्हेराम पुत्र परभाती जाति धाकड़ निवासी ब्रहमबाद तह0 बयाना जिला–भरतपुर।

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। पटवारी हल्का ब्रहमबाद ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की है कि ग्राम ब्रहमबाद के खसरा न0 391/1 रकवा 0.77 हैक्ट में से रकवा 0.16 हैक्ट किस्म भूमि चारागाह पर सम्वत 2076 में श्री दूल्हेराम पुत्र परभाती जाति धाकड़ निवासी ब्रहमबाद तह0 बयाना ने बाजरा कर अतिक्रमण कर लिया है।

हल्का पटवारी रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण धारा 91 एल.आर.एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। जो शामिल मिसिल है। अप्रार्थी द्वारा उपस्थित होकर अपना जबाव पेश किया । हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन उपरान्त न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि अप्रार्थी के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही अमल में लायी जाना आवश्यक है। अतिक्रमी को अतिक्रमित आराजी से बेदखल करना राज्यहित में आवश्यक है।

अतः आदेश है कि अतिक्रमी के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही कर अतिक्रमित खसरा नम्बर 391/1 रकवा 0.16 हैक्ट वाके ग्राम ब्रहमबाद से बेदखल किया जाता है। लगान 2.56 का 50 गुणा पैनल्टी राशि 128 रूपये से दण्डित किया जाता है। पैनल्टी की मांग कायमी टी0आर0ए0 हाजा से कराई जावे। पैनल्टी वसूली एवं फसल नीलामी हेतु पटवारी हल्का एवं भू–अभिलेख निरीक्षक को आदेश जारी हो।

पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद तकमील नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 09.10.2019 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

तहसीलदार
बयाना (भरतपुर)

इस पत्रावली को भाग सामग्री
. . सं. 04 के पेज नं ....15....
दिनांक 11.10.19 को वर्ष 2019-20 में
पैनल्टी क. ..V.. [illegible]
. ... को जा चुकी है
[illegible] लेखाकार

Signature Not Verified
Digitally signed by Girraj Prasad Bansal
Date: 2022.02.04 11:45:27 IST
Reason: SelfAttested